कार्यालय जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान, दौसा

कार्यालय आनन्द शर्मा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कैंपस लालसोट रोड दौसा

फोन नः 01427–221972 e-mail :- adpcsmsadausa@gmail.com

क्रमांक : सशिअ/दौसा/2018–19/ 654 दिनांक :– 21.1.19

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
दौसा/लालसोट/महुवा/लवाण/सिकराय/बांदीकुई
जिला– दौसा

विषयः– विद्यालय एवं ब्लॉक स्तर पर प्रकरण निस्तारण के संबंध।

प्रसंगः– जिला निष्पादक समिति की बैठक दिनांक 17.01.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 17.01.2019 को माननीय अति. जिला कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में जिला निष्पादन समिति की बैठक में चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि विद्यालय स्तर/ब्लॉक स्तर के लम्बित प्रकरण पहले ब्लॉक निष्पादक समिति के समक्ष रख कर उनका समाधान ब्लॉक स्तर पर ही श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में होने वाली ब्लॉक निष्पादक समिति की बैठक में करवाये और यदि वहां समाधान नहीं होता है तो उसके सम्बन्ध में ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक में चर्चा के दौरान उस पर क्या निर्णय लिया गया , उसको बैठक कार्यवाही में शामिल करते हुये, बैठक कार्यवाही की अनुमोदित प्रति संलग्न कर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजन समन्वयक समग्र शिक्षा अभियान को भेजना सुनिश्चित करे । जिससे यदि आवश्यक हुआ तो उस प्रकरण को जिला निष्पादक समिति के समक्ष रख कर उसका समाधान और अनुमोदन कराया जा सके।

अब इस सबंधं में लेख है कि वर्तमान में निम्नलिखित प्रकरण विशेष महत्वपूर्ण है जिनमें उपरोक्तानुसार कार्यवाही आपको ब्लॉक निष्पादक समिति के माध्यम से करनी है।

01. दौसा शहर में स्थिति कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में अतिक्रमण के संबंध में।
02. रामगढ पचवारा केजीबीवी में अतिकमण के संबंध में।
03. पावटा केजीबीवी के अतिकमण के संबंध में।
04. राउमावि महेश्वरा कलां में स्वीकृत कमरो के निर्माण हेतु भूमिका निर्धारण करने बावत।

अतः आप जनवरी माह की निष्पादक समिति में प्रकरण रखकर आवश्यक निर्णय करवाना सुनिश्चित करें। भविष्य में किसी भी तरह की समस्या या अन्य मामलो में भी यही प्रकिया पूर्ण करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करें। सीधे इस कार्यालय को प्रकरण प्रेषित नहीं करें।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन
जिला परियोजना समन्वयक
समसा दौसा

प्रतिलिपिः–

1. श्रीमान राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा रास्कूशिप जयपुर।
2. श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय एवं अध्यक्ष जिला निष्पादक समिति दौसा।
3. श्रीमान उपखण्ड अधिकारी समस्त जिला दौसा एवं अध्यक्ष ब्लॉक स्तरीय [redacted] निष्पादक समिति समस्त ब्लॉक।
4. समस्त पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी (पीईईओ) जिला दौसा।
5. संबंधित प्रधानाध्यापिका केजीबीवी पावटा/रामगढ पचवारा/दौसा/ एवं राउमावि महेश्वरा कलां को भेजकर लेख है कि अपने से संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के समक्ष प्रकरण से संबंधित पत्र के साथ दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये पत्र की प्रति इस कार्यालय को प्रेषित करें।
6. रक्षित पत्रावली।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन
जिला परियोजना समन्वयक
समसा दौसा

Scanned by CamScanner